Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ट)

प्रेस नोट

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा चुरू में सरपंच को 22 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

जयपुर, 3 नवम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चुरू इकाई द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुये ग्राम पंचायत राजीयासर मीठा पंचायत समिति सुजानगढ के सरपंच पवन सिंह को 22 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि एसीबी की चुरू इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गयी कि उसकी फर्म जगदम्बा बिल्डिंग मैटेरियल के द्वारा वर्ष 2019–20 में ग्राम पंचायत राजीयासर मीठा में करवाये गये विकास कार्यों में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की सप्लाई के बाकी 4.20 लाख रूपये के भुगतान करने की एवज में 6 प्रतिशत कमीशत बतौर रिश्वत मांग कर कुल 26 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर 22 हजार रूपये में सौदा तय होने पर आज ग्राम पंचायत राजीयासर मीठा पंचायत समिति सुजानगढ के **सरपंच पवन सिंह को 22 हजार रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

श्री सोनी ने बताया कि एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चुरू श्री आनन्द प्रकाश स्वामी के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाकर आज ट्रेप कार्यवाही करते हुये ग्राम पंचायत राजीयासर मीठा पंचायत समिति सुजानगढ के सरपंच पवन सिंह को 22 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064** एवं **Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135–02834** पर सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।